भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 303

उत्तर देने की तारीख 19 जुलाई, 2022

28 आषाढ़, 1944 (शक)

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

303. डॉ. सुभाष रामराव भामरे:

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:

श्री कुलदीप राय शर्मा:

डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:

श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में हरियाणा के पंचकुला में 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स आयोजित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है और कितने खेलों का आयोजन किया गया और इनमें कितने खिलाड़ियों ने भाग लिया;

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में प्रत्येक वर्ष के दौरान तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में खेलो इंडिया योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए चुने गए छात्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) इस योजना के माध्यम से खिलाड़ियों को मिलने वाले संभावित लाभों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उस उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रही है जिसके लिए खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित किए गए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान 'खेलो इंडिया' योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण पाने और तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या कितनी है; और

(च) सरकार द्वारा गांवों सहित दूरस्थ अविकसित क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 का चौथा संस्करण पंचकुला, हरियाणा में आयोजित किया गया था । ये गेम्स 5 देशज गेम्स सहित 25 खेल विधाओं में अंडर-18 की सिंगल आयु श्रेणी में आयोजित किए गए थे । इस स्पर्धा में कुल 4453 एथलीटों ने भाग लिया।

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु, महाराष्ट्र तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र से खेलो इंडिया स्कीम के तहत छात्रवृत्ति के लिए चुने गए कुल छात्रों की संख्या निम्नानुसार है :

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	छात्रवृत्ति के लिए चयनित खेलो इंडिया एथलीटों की संख्या (वर्ष-वार)					
		2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	कुल
1	**अंडमान और निकोबार द्वीप समूह**	7	0	0	0	0	7
2	**महाराष्ट्र**	188	107	21	1	52	369
3	**तमिलनाडु**	74	52	11	0	38	175
	कुल	**269**	**159**	**32**	**1**	**90**	**551**

(ग) खेलो इंडिया स्कीम के "प्रतिभा पहचान और विकास" के तहत, खेलो इंडिया एथलीट के रूप में अधिसूचित एक एथलीट अपने रोजमर्रा के व्यय को पूरा करने के लिए 10,000/- रु. प्रति माह आउट ऑफ पॉकेट भत्ता प्राप्त करने का पात्र है । इसके अतिरिक्त, वे कोचिंग, शिक्षा, खेल विज्ञान सहायता, खेल-किट, चिकित्सीय बीमा, उपयोगी उपकरणों, भोजन और आवास के लिए 5.08 लाख प्रति वर्ष का लाभ प्राप्त करने के लिए भी पात्र हैं, यदि वे खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्रत्यायित किसी भी अकादमी में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं ।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया गेम्स आयोजित किए गए हैं ताकि खेल कौशल को प्रदर्शित करने हेतु एक बुनियादी मंच प्रदान किया जा सके और तदनुसार यह मंच नैसर्गिक तथा प्रतिभाशाली बच्चों को उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रतिभा पहचान और विकास का मार्ग प्रशस्त करने का माध्यम बन सके ।

अब तक खेलो इंडिया स्कूल/ यूथ गेम्स के चार संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, नई दिल्ली, 2018; खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पुणे, 2019; खेलो इंडिया यूथ गेम्स, गुवाहटी, 2020; और खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पंचकुला, 2021 में क्रमश: 562, 512, 537 और 507 प्रतिभाओं को अभिज्ञात किया गया है ।

(ड.) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत सहायता प्रदत्त खेलो इंडिया एथलीटों का विवरण निम्नानुसार है :

वर्ष	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
एथलीटों की संख्या	2773	2970	2573	2745

(च) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण गांवों सहित दूरस्थ अविकसित क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहित करने का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । तथापि, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खेलों के विकास के लिए निम्नलिखित स्कीमों को कार्यान्वित करता है :

(i) खेलो इंडिया स्कीम-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम ; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन

उपर्युकत स्कीमों का ब्यौरा इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

****